Kegl

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
गढ़वाल।

सेवा में,

रजिस्ट्रार जनरल,
मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण,
नई दिल्ली।

संख्याः 604 /21–प्रशा0अधि0(स्था0नि0)/2024–25 दिनांक पौड़ी जून 9 ,2025

विषयः– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल आवेदन सं0–281/2024 किशोर बहुगुणा बनाम उत्तराखण्ड राज्य में पारित आदेश दिनांक 05–12–2024 के अनुपालन के सम्बन्ध में।

––

महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र सं0–449/21–प्रशा0अधि0(स्था0नि0)/2024–25 दिनांक 19–05–2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 05–12–2024 को पारित आदेश जिसके द्वारा विधिक आवेदन सं0–123/2024 में मूल आवेदन सं0–281/2024 किशोर बहुगुणा बनाम् उत्तराखण्ड राज्य के सम्बन्ध में अनुपालन आख्या प्रेषित की गई है। जिसमें अवगत कराया गया है कि वर्तमान में ट्रेचिंग ग्राउण्ड में ऊपर से मुख्य भाग से ढालदार भूमि के सबसे निचले भाग के बीच में एक कच्ची सडक को बनाकर गार्बेज को डाला जा रहा है और कच्ची सडक पर ही अवशेष गार्बेज सैग्रीगेशन का कार्य अनुबन्धित ऐजेन्सी के माध्यम से किया जा रहा है। अनुबन्धित ऐजेन्सी के द्वारा मुख्य मार्गों पर 04 वाहनों से जिसमे जिंगल बजाये जाते है कूड़ा एकत्र किया जाता है तथा इस पर्वतीय क्षेत्र की पालिका के पगडण्डी मार्गों पर महिला कार्मिकों के माध्यम से कूडा एकत्र किया जाता है। ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर काफी कम मात्रा मे गार्बेज जा रहा है द्वितीय पालिका का काफी मात्रा में गार्बेज शहर से बाहर रिसाईकिलिंग के लिये भेजा जाने लगा है।

2– उक्त के अतिरिक्त मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल आवेदन सं0–281/2024 किशोर बहुगुणा बनाम उत्तराखण्ड राज्य में पारित आदेश दिनांक 05–12–2024 के अनुपालन के सम्बन्ध में श्री किशोर बहुगुणा, निवासी ग्राम तिमली, पट्टी नांदलस्यूँ, तहसील पौड़ी जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा एक शपथ पत्र मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण को सम्बोधित जिसकी छाया प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध करायी है, जिसमें उल्लेख किया है कि " प्रशासन के सख्त मॉनिटरिंग के कारण उक्त स्थल पर काफी कार्य हुए है और परिवर्तन आया है। कूड़ा आना कम हुआ है, कूड़ा मुख्य सडक से न डाल कर पहाड़ काट कर बनायी गई सड़क पर छटाई की जा रही है। पालिका की अधिकृत कम्पनी द्वारा वहां पर जे0सी0बी0 चलाकर नियंत्रण किया जा रहा है तथा कूड़ें की छटाई भी की जा रही है। कीटनाशक तथा चूने का छिड़काव भी देखा गया है। कूड़ा खाई में न जाये इसके लिए दीवार का कार्य भी होता हुआ पाया गया है। बाकी गेट,टिन चाहरदीवारी के लिए आश्वासन दिया गया है। मेरी शिकायत का उपरोक्त स्थिति तक निस्तारण हो गया है।"

